भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2521
उत्तर देने की तारीख-15/12/2025

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हज़रतबल, श्रीनगर में निदेशक का रिक्त पद

†2521. **श्री मियां अल्ताफ अहमदः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हज़रतबल, श्रीनगर में निदेशक का पद दो वर्षों से अधिक समय से रिक्त पड़ा है;
(ख) यदि हाँ, तो उक्त पद को भरने में हो रही देरी के क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार ने उक्त संस्थान में नियमित निदेशक नियुक्त करने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त रिक्त पद को कब तक भरे जाने की संभावना है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (घ): राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर) के लिए नियुक्त नियमित निदेशक ने मई 2023 में पांच वर्ष की अवधि के लिए पदभार ग्रहण किया। केवल 8 महीने बाद, प्रशासनिक कारणों से निदेशक को अपने मूल संस्थान में वापस लौटना पड़ा। तब से, संस्थान के सुचारू संचालन के लिए पदभार किसी अन्य राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के नियमित निदेशक को सौंपा गया है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी, विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीएसईआर) अधिनियम, 2007 (2007 का 29) की धारा 17 (1) और अधिनियम के तहत बनाई गई संविधियों के अनुसार खोज-सह-चयन समिति का गठन किया गया है और चयनित उम्मीदवारों के साथ साक्षात्कार पहले ही आयोजित किए जा चुके हैं।

--*-*-*